## संक्षिप्त

### कांग्रेस प्रत्याशी की पत्नी ने संपर्क किया

**अलवर,** (निसं)। अलवर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के समर्थन में बुधवार को उनकी धर्मपत्नी मनजीत ललित यादव ने अलवर शहर के वार्ड नंबर 43 में डोर टू डोर जनसंपर्क किया और ललित यादव के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। सर्वप्रथम वार्ड 43 की पार्षद मिथिलेश शर्मा ने मनजीत ललित यादव को शॉल उडाकर और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान विजेंद्र महलावत, प्रदीप आर्य, पार्षद राजेश सैनी, दुर्गा सिंह, शशिकला बेरवा, सोनू गोपालिया, लीली यादव, रमन सैनी, प्रदीप सिंह, सतनारायण शर्मा, ओमप्रकाश सेन, सुरेश शर्मा, रामकिशन बेरवा, नगायच चौधरी खेमचंद कोली,कुलदीप माथुर, वेद मेहरा, रामगोपाल सोनी, गंगाराम बेरवा, सुदर्शन अरोडा, सूबेसिंह, विजय सोगत, सहित अनेक महिला और वार्डवासी साथ रहे।

### दशा माता की पूजा अर्चना की

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र में बुधवार को महिलाओं ने अपने परिवार की सुख संपन्नता व ग्रह दशा दिशा सुधारने की कामना को लेकर दशा माता की कहानी सुनकर पूजा अर्चना की। इस धार्मिक पावन पर्व पर महिलाओं ने कच्चे सूत के 10 धागों में 10 गांठे बांधकर दशामाता की कथा सुनकर एवं पूजा अर्चना के बाद अपने गले में 1 वर्ष के लिए धारण करती है एवं पीपल के पेड की पूजा करने के बाद घर पर हल्दी कुमकुम के छापे लगती है।

### पानी को तरस रहे वार्डवासी

**गोविंदगढ/अलवर,** (निसं)। कस्बे के वार्ड नंबर 7 में पानी की गहन समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई है। कई बार जलदाय विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारियों को पानी की समस्या के बारे में अवगत कराया गया परंतु अधिकारियों द्वारा वार्ड नंबर 7 के मोहल्ला वासियों को लॉलीपॉप देने के अलावा और कोई कार्य नहीं किया गया। 10 दिन तक पानी की सप्लाई नहीं होने से मोहल्लेवासियों बहुत परेसान है। टैंकरों द्वारा पानी डलवाना पड रहा है जिसकी भारी भरकम रकम देनी पड रही है।

### आदिनाथ भगवान का कलशाभिषेक

**दूदू,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर स्थित सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा आदिनाथ भगवान के मंदिर में प्रतिमा का कलशाभिषेक किया गया। इस अवसर पर समाजबंधुओं द्वारा भगवान पर शांतिधारा के साथ कलशाभिषेक कर विश्व में शांति की कामना की। पुरुषों व महिलाओं ने णमोकार महामंत्र का जाप दीप विधान मंडल किया गया। इस अवसर पर गुलाबचंद बोहरा, सुरेश दोषी, संजय कला, त्रिलोक बोहरा, निर्मल पापडी वाल सहित समाज की महिलाएं पुरुष मौजूद रहे। सामूहिक आरती का आयोजन भी किया गया।

### पर्यवेक्षक नियुक्त किये

**टोंक,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 को सफल एवं सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा टोंक जिले में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. सौम्या झा ने बताया कि टोंक जिले में लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत दीप्रवा लाकरा को सामान्य पर्यवेक्षक, देवेंद्र सिंह चौहान, पुलिस पर्यवेक्षक एवं मयूर गजानन कांबले को व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### दो उम्मीदवारों ने भरे नामांकन

**टोंक,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत बुधवार को टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट के लिए दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। सांख्यिकी प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी अशोक कुमार बंसीवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 में टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट के लिए आईएनसी से हरीश चंद्र मीना एवं राजस्थान राज पार्टी से दुलीचंद सैनी ने अपना नामांकन दाखिल किया।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**कोटपूतली,** (निसं)। ग्राम बामनवास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम गतिविधियों के अंतर्गत नारा लेखन व मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर स्वीप प्रभारी शेरसिंह कटारिया, दीनाराम गुर्जर, सुभाष रावत, सुभाष पारीक व प्रधानाचार्य रामनिवास गुर्जर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# यह चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है : सचिन पायलट

- कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा के टोंक पहुंचने पर भव्य स्वागत

**टोंक,** (निसं)। टोंक-सवाईमाधापुर लोकसभा प्रत्याशी हरीश मीणा के टोंक आगमन पर भव्य स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होने कहां कि हम घर-घर जायेगें और आम जनता तक केन्द्र सरकार द्वारा किये जा रहे झूठ, विश्वासघात, जाति व धर्म के नाम पर वैमनस्य फैलाना जैसी सच्ची जानकारियां जनता तक पहुंचायेगें।

उन्होने कहा कि भाजपा द्वारा प्रचारित लोक लुभावन वादे व गारन्टी का सच हम सबके सामने लायेगें। उन्होने भाजपा प्रत्याशी जौनापुरिया पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि सूचना के अधिकार के तहत कोई भी यह जान सकता है कि उन पर कितने मुकदमें दर्ज है। चुनावों में सत्तापक्ष विपक्षियों पर कुछ भी आरोप गढ देता है, जनता अब इतनी नासमझ नहीं रही है।

वही टोंक से विधायक एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनी लेकिन सिर्फ आपसी खींचतान में उलझी है। केन्द्र की सरकार जवाबदेही सरकार नहीं है। यह चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है, भाजपानीत सरकार दमनकारी रास्ते पर चल रही है। हमारे लोकतन्त्र व संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता भी खत्म कर दी है। किसानो के खिलाफ कानून व 147 सासंदों का निलम्बन जैसे हथकंडे अपनाकर वह संसद से विपक्ष को बाहर ही रखना चाहती है।

पर्चा दाखिल किये जाने के दौरान हरिश मीणा के साथ सचिन पायलट, युवा कांग्रेस प्रदेशध्यक्ष अभिमन्यु पुनियां, विधायक प्रशान्त शर्मा, जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी, विधायक रामनिवास गावडिया, विधायक मुकेश भाकर, विधायक इन्द्रा मीणा, रामकेश मीणा, गजराज कटाणा, सुरेश योगी, इन्द्रराज गुर्जर, अशोक बैरवा, प्रशान्त बैरवा, दानिश अबरार, घासीलाल चौधरी, जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, सभापति अली अहमद, धर्मेन्द्र सालोदिया, शेलेष गुर्जर, शिवपाल खण्डवा, सुभाष, रामदेव गुर्जर, सुनील बंसल, हंसराज गाता, अरशद चिश्ती, दिनेश चौरसिया, पंकज यादव, जेबा खान के अतिरिक्त प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद, स्थानीय जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेसजन, अग्रिम संगठन प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।



टोंक से विधायक सचिन पायलट ने टोंक-सवाईमाधापुर लोकसभा प्रत्याशी हरीश मीणा के पक्ष में अधिक से अधिक मत देने का समर्थन किया।

## 151 मरीजों की जांच कर 72 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व तथा रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज, श्री मेहंदीपुर बालाजी की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा श्रीमाधोपुर के रोटरी भवन में 55 वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन स्वर्गीय चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में किया गया।

रोटरी क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि शिविर में 151 मरीजों के आंखों की जांच की गई तथा इनमें से चयनित 72 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर बस से रेफर किया गया जहां चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा, साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने कि व्यवस्था से लेकर खानपान व रहने की संपूर्ण व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी व चश्मे भी निशुल्क दिये जायेगें। इस मौके पर शंकर आई हॉस्पिटल से डॉक्टर लिपिका मेहरा, अजीत सिंह तंवर, सानिया, खेताराम, दुष्यंत, कोमुदी, रामेश्वरी , पूर्व सप्रांतपाल डा. माधव सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार चोटिया, पुरुषोत्तम कुमार शर्मा, दिलीप सिंह शेखावत, सचिव सुशील सैनी, फतेहचंद सोनी, भीवाराम देवंदा , सतीश चेजारा, मुकेश कुमार शर्मा एवं अन्य सदस्यों ने उपस्थित रहकर सेवाये प्रदान की। बताया गया है कि इससे पहले आयोजित 54 शिविरों में 5056 पंजीकरण किए गए जिनमें से 1395 मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन हो चुके है। क्लब की ओर से इस तरह का कैंप प्रत्येक महीने के पहले बुधवार को आयोजित किया जाता है इसी क्रम में अगला 56 वा शिविर 1 मई 2024 को होगा।

## रेलवे पेंशनर्स सोसायटी का होली स्नेह मिलन समारोह

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे की बालाजी बाईपास रोड स्थित माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर के सभा भवन में बुधवार को प्रातः 11 बजे रेलवे पेंसनर्श सोसायटी शाखा फुलेरा की मासिक साधारण सभा व होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन शाखा अध्यक्ष रमेश चन्द वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में एनडब्लूआरइयू के पूर्व जोनल उपाध्यक्ष एम.एल.कुमावत, लालचन्द कुमावत, दिनेश चन्द शर्मा, डॉ. आनन्द तंवर, फुलेरा थानाधिकारी बाबूलाल मीणा, एम एल वर्मा, धर्म सिंह मीणा, बलबीर सिंह, धर्म सिंह गौड, संजय शर्मा, रोशन शर्मा, रिटायर्ड गार्ड गौरीशंकर शर्मा, महेश सहाय शर्मा, एस के माथुर, गौतम स्वरूप रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों ने मां सरस्वती व मां भारती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात अतिथियों को माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया। वहीं कार्यक्रम में पुष्प वर्षा करते हुए होली खेलने के साथ एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दी जबकि इस दौरान एड. सुमित्रा सिंह नाथावत, गिरधर गोपाल, आनन्द स्वरूप मेहरोत्रा व टी सीरीज के कलाकार कमलेश शर्मा ने भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इसी क्रम में कार्यक्रम के दौरान अतिथियों व कई प्रबुद्धजनों ने कार्यक्रम को संबोधित कर अपने विचार व्यक्त किये। वहीं कार्यक्रम में सोसायटी के सदस्य पेंशनर्स रामानन्द शर्मा को 80 वर्ष पूर्ण करने पर सोसायटी द्वारा माला पहनाकर व शॉल ओढाकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही आर सी वर्मा के द्वारा सोसायटी के पांच लोगों का शॉल ओढाकर व माला पहनकर विशेष सम्मान किया गया। जिसमें लालचन्द कुमावत, सी. पी.त्रिपाठी, श्याम लाल सैनी, शेषनारायण सैनी, आरसी कुमावत मुख्य रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन सोसायटी के कोषाध्यक्ष सी.पी.त्रिपाठी के द्वारा किया। इस अवसर पर महेश सहाय शर्मा, श्याम लाल सैनी, डॉ.आनन्द तंवर, शेष नारायण सैनी, विरेन्द्र कुमार बंसल, राज कुमार, श्याम सुन्दर अठावाल, कालू राम, किशन लाल, हेम प्रकाश शर्मा, राम प्रसाद, अशोक शर्मा, लाला राम मीना, मोती लाल नागर, चैना राम, भगवती प्रसाद, शंकर लाल आदि मौजूद रहे।



सोसायटी के सदस्य पेंशनर्स रामानन्द शर्मा के 80 वर्ष पूर्ण होने पर सोसायटी सदस्यों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

## शोभायात्रा का पोस्टर विमोचित

**कोटपूतली,** (निसं)। श्री रामोत्सव समिति द्वारा आगामी 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली शोभा यात्रा के पोस्टर का विमोचन लक्ष्मीनगर स्थित श्रीराम मंदिर में श्री 108 रामबचनदास जी महाराज की अध्यक्षता में किया गया। महाराज ने कहा कि भव्य श्रीराम मंदिर बनने के बाद श्रीराम का प्रथम जन्मोत्सव है, इसलिए हमें हर्ष, उल्लास व उत्साह से कार्यक्रम को मनाना है।

## नर्सिंग शिक्षकों को समानता की मांग, ज्ञापन दिया

**जयपुर,** (निसं)। राजस्थान प्राइवेट नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संदीप यादव ने बताया कि ग्लोबल फाउंडेशन व राजस्थान प्राइवेट नर्सेज एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने रजिस्ट्रार राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के साथ शिष्टाचार भेंट की एवं प्राइवेट क्षेत्र में नर्सिंग शिक्षकों को राजस्थान नर्सिंग काउंसिल में समानता का अवसर प्रदान करने हेतु ज्ञापन दिया।

ग्लोबल फाउंडेशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश स्वामी ने बताया की राज्य में लगभग 200 से अधिक नर्सिंग संस्थान है जिनका परीक्षा संबन्धित कार्य व अन्य प्रशासनिक कार्य राजस्थान नर्सिंग काउंसिल द्वारा किया जाता है। चूकी विगत वर्षो से बिना किसी कारण के परीक्षा कार्य के अलावा अन्य प्रशासनिक कार्यों में प्राइवेट शिक्षकों को वंचित रखा जाता है। अतः समस्त नर्सिंग समुदाय (प्राइवेट क्षेत्र) द्वारा अनुरोध किया जाता है कि निम्नांकित मांगों को न्यायसंगत तरीके से पूरी करे। प्रशासनिक कार्य में राजकीय एवं निजी क्षेत्र की समान भागीदारी सुनिश्चित करवाए। पूर्व की भांति परीक्षा सम्बंधित कार्यों में राजकीय एवं निजी क्षेत्र की समान भागीदारी सुनिश्चित करवाए। शिक्षा संबन्धित प्रशस्ति पत्र में राजकीय एवं निजी क्षेत्र की समान भागीदारी सुनिश्चित करवाए, पूर्व की भांति अन्य सभी कार्य (सीएनई, ट्रेनिंग प्रोग्राम, खेलकूद प्रतियोगिता) जो की काउंसिल द्वारा संपादित करवाए जाते है उनमे समान भागीदारी सुनिश्चित करवाए, इंडियन नर्सिंग कौंसिल के नॉर्म्स के अनुसार किसी भी प्रकार की सी.एन.ई , वर्कशॉप और कॉन्फ्रेंस में क्रेडिट ऑवर फ्री ऑफ़ कॉस्ट दिया जाने की मांग की गई।

## भगवान आदिनाथ की शोभायात्रा निकली

**मालपुरा,** (निसं)। सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा बुधवार को आदिनाथ जयंति पर भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक दिवस उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आदिनाथ मंदिर से भगवान आदिनाथ की प्रतिमा को तीन मंजिला रथ पर विराजित कर बैण्ड-बाजो सहित संजीव झांकियो के साथ शोभायात्रा निकाली गई जो कि शहर के मुख्य मार्गो से होते हुई जैन मंदिर पहुंची। जैन समाज के युवाओं ने रथ को अपने हाथो से खेंच आदिनाथ भगवान की चरण वंदना का सोभाग्य प्राप्त किया। जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। एक दिन पूर्व मंगलवार की रात्री को जैन दिक्षार्थी ब्रह्मचारी प्रकाश चन्द जैन पंवालिया की दिक्षा से पूर्व ससुराल पक्ष की और से मालपुरा शहर मे भव्य बिंदोरी निकाली गई। अश्वो की बग्गी मे सवार जैन दिक्षार्थी भी जगह-जगह छोल भराई की रस्म की गई। बडी संख्या मे जैन समाज बंधु मौजूद रहै।

## दुष्कर्मियों की जमानत याचिका खारिज की

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। सवाई माधोपुर परिवार व पोक्सो न्यायालय ने तीन मामलों में नाबालिगों का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपियों के मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। विशिष्ठ लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने बताया कि नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी दिलखुश उर्फ गोलू सैनी निवासी आलनपुर थाना कोतवाली सवाई माधोपुर का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया गया है। आरोपी को पुलिस ने अनुसंधान के बाद 6 फरवरी 2024 को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया था। दूसरे मामले में भागीरथ मीणा निवासी रामडी थाना मानटाउन सवाई माधोपुर का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज किया गया है। पुलिस ने अनुसंधान के बाद 20 अक्टूबर 2023 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया था। तीसरे मामले में राम सागर उर्फ सागर मीणा निवासी शोदानपुरा थाना चौथ का बरवाडा का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज किया गया है।

## वर्मी कम्पोस्ट बनाने का दिया प्रशिक्षण

**कोटपूतली,** (निसं)। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत् स्थानीय नगर परिषद में एल पी एस विकास संस्थान द्वारा संचालित मोती स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संस्थान निदेशक रामभरोस मीणा ने वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण शिविर में इस दौरान वंदना वर्मा, सरोज स्वामी, सुशीला जांगिड़, अर्चना सैनी, राजबाला, संजू वर्मा, पूजा शर्मा, कमलेश यादव, पार्वती सैनी, संतोष देवी आदि महिलाएं मौजूद रही।

# मोदी ने देश को घोटाले और भ्रष्टाचार से मुक्त सरकार दी : बाजोर

- किशनगढ़बास में आयोजित भाजपा का किसान सम्मेलन

**किशनगढबास,** (निसं)। किशनगढ़बास क्षेत्र सिहाली कला कुंदन दास आश्रम पर भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के समर्थन में आयोजित किसान सम्मेलन में राजस्थान सरकार के भूजल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी और अध्यक्ष सैनिक कल्याण बोर्ड प्रेम सिंह बाजोर पूर्व विधायक रामहेत यादव जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर ने हजारों की संख्या में आसपास के गांव ढाणी से पहुंच किसानों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के 400 पार के संकल्प की माला में अलवर से बडा कमल के फूल का गुलदस्ता देकर भूपेंद्र यादव को दिल्ली भेजने की अपील की।


सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर ने किसानों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस राज में देश में बडे बडे घोटाले और भ्रष्टाचार सबने देखे हैं। देश के हालात ऐसे हो गए थे कि जेल के अंदर एक जा रहा है और दूसरा आ रहा है लेकिन जब से देश की जनता ने बागडोर मोदी के हाथ में सौंपी है, 10 साल में ना तो कोई देश में घोटाला हुआ और ना ही कोई भ्रष्टाचार के आरोप किसी मंत्री, सांसद पर लगे हैं।

भूजल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि मोदी ने 10 साल में हर वर्ग की चिंता करते हुए योजनाएं देश में लागू की है। गरीब परिवार को पक्के मकान बनवाने से लेकर माता बहनों के लिए हर घर टॉयलेट, हर घर पानी, घुआ से मुक्ति दिलाने के लिए गैस चूल्हा, पैसों के अभाव में इलाज नहीं करने वालों के लिए फ्री इलाज, छोटे किसानों के लिए पीएम सम्मान निधि जैसी अनेकों योजना शुरू कर हर वर्ग को लाभ पहुंचाया है। मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा राजस्थान की भजनलाल सरकार चुनाव में किए वायदों को तेजी से पूरा करने में लगी है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रामहेत यादव ने भूजल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर का किसान सम्मेलन में पहुंचने पर स्वागत किया और कहा किशनगढबास विधानसभा क्षेत्र की जनता मोदी की गारंटी पर भूपेंद्र यादव को अपना सांसद मान चुकी है। इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर लोकसभा संयोजक संजय नरूका नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश सिंघल किसान मोर्चा ओ.पी. यादव, जिला अध्यक्ष अलवर उत्तर उम्मैद भाया, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा ईश्वर यादव,जिला महामंत्री महासिंह चौधरी, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा बृजमोहन तंवर, पूर्व प्रदेश मंत्री सुरेश यादव, इंद्र यादव, पूर्व अध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय पवन यादव सहित अलवर लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### गिरिराज उत्सव मनाया



**जयपुर,** (निसं)। इंद्र के कोप से हुई अतिवृष्टि से घबराये हुए ब्रज वासियों को अपनी तर्जनी अंगुली से विशाल गोवर्धन पर्वत को उठाकर सुरक्षित अपनी शरण में लेकर बचाने वाले गिरधारी श्री कृष्ण का गुणगान करते हुए बधाइयों से संत आश्रम गुंजायमान हो उठा। जयपुर के नायला स्थित निम्बार्क आश्रम में बाबा शुकदेवदास स्मृति महोत्सव के तहत चल रही भागवत कथा के पंचम दिवस की कथा में बुधवार को गिरिराज उत्सव मनाया गया। इस मौके पर 56भोग की झाँकी भी सजायी गयी तथा प्रतीक स्वरूप आमय निर्मित गोवर्धन की पूजा की गयी।

### शिक्षक संघ ने पांच लाख का किया सहयोग



**चौमूं/कालाडेरा,**(निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारिकापुरी जयपुर में पदस्थापित प्रयोगशाला सहायक पूनम जांगिड के सुपुत्र अर्जुन जांगिड जिसकी आयु 23 माह है, एक दुर्लभ बीमारी स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी से ग्रसित है, जो की एक अत्यंत दुर्लभ अनुवांशिक विकार है। राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के मुख्य संरक्षक व प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने पदाधिकारियों के साथ बुधवार को नन्हे बालक अर्जुन के इलाज में सहयोग के लिए संगठन की ओर से पाँच लाख रुपए की राशि का चेक पूनम जांगिड को हनुमंत विहार सेकंड, माँग्यावास,जयपुर स्थित उनके आवास पर जाकर सौंपा। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष बृजेश गुप्ता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार मूंड, जयपुर जिला मंत्री पुष्पभूषन शर्मा आदि उपस्थित रहे। प्रदेश प्रवक्ता मुकेश मीणा ने बताया की संगठन द्वारा सहयोग प्रदान करने वाले सभी पदाधिकारियों व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया है।

### अलका को मिला एक लाख का पुरस्कार

**निवाई,** (निसं)। पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली की छात्रा अलका जांगिड को बालिका शिक्षा फाउंडेशन राजस्थान की ओर से इन्दिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार स्वरूप एक लाख रूपये का पुरस्कार प्राप्त होने पर विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने अभिनन्दन किया। प्रधानाचार्य डॉ. नरूका ने बताया कि छात्रा अलका जांगिड को यह पुरस्कार सत्र 2022-23 में उच्च माध्यमिक कला वर्ग में टोंक जिला में ओबीसी केटेगरी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रदान किया गया है। पुरस्कार राशि के एक लाख रुपए बालिका शिक्षा फाउंडेशन के द्वारा सीधे छात्रा के बैंक अकाउंट में जमा करवाए है। छात्रा अलका जांगिड इन्दिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार प्राप्त करने वाली राहोली में पहली छात्रा है।

